**SAINIK SCHOOL BIJAPUR** **SET-2**

**TERM-1 EXAM 2021-22**

**CLASS- VII (ABC)** **MARKS- 40**

**Date- 29/11/2021** **SUBJECT-HINDI** **Time- 1.30 hours**

**NOTE-Send your answers sheet in PDF to Gmail Id-**
mayurkalal07@gmail.com

---

प्रश्न 1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नो के उत्तर लिखिए| 1x5=5

किसी तालाब में एक बातूनी कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे दो हंस भी रहते थे। वे तीनों आपस में मित्र थे। एक बार गरमी के मौसम में तालाब का पानी सूखने के कारण हंस दूसरे तालाब पर उड़कर जाने के लिए तैयार हो गए। कछुआ भी तैयार था, लेकिन उसे ले जाने की समस्या थी। कछुए ने उपाय बताया कि दोनों हंस अपनी चोंच में एक लकड़ी के सिरों को पकड़ लेंगे और वह उस लड़की को अपने मुँह से पकड़ लेगा, जिससे तीनों मित्र एक साथ एक ही तालाब पर रहेंगे।

हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, लेकिन बातूनी होने के कारण तुम रास्ते में बात न करने लगना नहीं तो तुम नीचे गिरकर मर जाओगे। कछुए ने कहा कि वह मूर्ख नहीं है वह अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी क्यों मारेगा? योजनानुसार वे उड़ गए। रास्ते में कुछ लोगों की बात सुनकर कछुआ बोल पड़ा और नीचे गिरकर अपनी जान खो बैठा। हमें कभी भी फालतू बातों में न पड़कर अपने लक्ष्य की तरफ़ ही ध्यान देना चाहिए।

i. तीन मित्र कौन-कौन थे?
 क) दो हंस एक कछुआ ख) कछुआ और हंस
 ग) एक हंस घ) एक कछुआ

ii. किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी?
 क) हंसों को ख) कछुए को ग) लोगों को घ) सभी को

iii. तालाब सूख गया, क्योंकि
 क) बहुत गरमी थी ख) बहुत सरदी थी
 ग) बहुत वर्षा थी घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

iv. हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, पर
 क) तुम बातूनी होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना
 ख) तुम चालाक होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना
 ग) तुम मूर्ख होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना
 घ) तुम बुद्धिमान होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना

v. अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी मारने का अर्थ है:
 क) अपना नुकसान स्वयं करना
 ख) अपना फ़ायदा करना
 ग) अपना कार्य स्वयं करना |
 घ) स्वयं कुल्हाड़ी मारना

प्रश्न 2) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नो के उत्तर लिखिए। 1x5=5

ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं।
देखा माता का ऐसा रक्तिम श्रृंगार नहीं।
कंठ-कंठ में गान उमड़ते माँ के वंदन के।
कंठ-कंठ में गान उमड़ते माँ के अर्चन के।
शीश-शीश में भाव उमड़ते माँ पर अर्पण के।
प्राण-प्राण में भाव उमड़ते शोणित तर्पण के।
जीवन की धारा में देखी ऐसी धार नहीं।
सत्य अहिंसा का व्रत अपना कोई पाप नहीं।
विश्व मैत्री का व्रत भी कोई अभिशाप नहीं।
यही सत्य है सदा असत की टिकती चाप नहीं।
सावधान हिंसक! प्रतिहिंसा की कोई माप नहीं।
कोई भी प्रस्ताव पराजय का स्वीकार नहीं।
ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं।

i) उपरोक्त पद्यांश में किसके आवेश' का उल्लेख हुआ है?
क) माता के ख) देश के ग) शत्रु के घ) इनमें से कोई नहीं

ii) कवि के मतानुसार असत्य है
क) स्थायी ख) व्रत ग) अभिशाप घ) अस्थायी

iii) 'रक्ति श्रृंगार' का अर्थ है
क) वीर सपूतों का रक्त बलिदान करना ख) रक्त बहाना
ग) शत्रु का खून बहाना । घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

iv) 'शोणित तर्पण' का अर्थ है
क) खून बहाकर आक्रमणकारी के पितरों का श्राद्ध करना
ख) शत्रु का शोषण करना
ग) दुखी होकर श्राद्ध करना
घ) वीर सपूतों का रक्त बलिदान करना

v) पद्यांश में 'माता' का प्रतीक है–
क) देवी की ख) विश्वमैत्री की
ग) सत्य-अहिंसा की घ) राष्ट्र (देश) की

**प्रश्न 3) नीचे दिए गए प्रश्नो के उत्तर लिखिए। 1X5=5**

i. अशोक चक्र का रंग कौनसा है?
क) हरा ख) नीला ग) पीला घ) सफेद

ii. भारत की राजधानी है?
क) मुंबई ख) कलकत्ता ग) दिल्ली घ) बेंगलूर

iii. कवि द्वारिकाप्रसाद माहेश्वरी कोयल-सा क्या करना चाहते है?
क) गाना ख) बोलना ग) कुहकना घ) उड़ना

iv. राजु की कमीज का रंग कैसा था?
क) लाल ख) हरा ग) पीला घ) नीला

v. बिटिया क्या खाकर आयी थी?
क) सेब ख) मिट्टी ग) केला घ) अनार

**प्रश्न 4) नीचे दिए गए उपसर्ग शब्दों का सही विकल्प लिखिए। 1X5=5**

i. 'प्रवचन' शब्द किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

क) पर  ख) प्र  ग) प्रव  घ) पर्

ii. 'सुचारु' शब्द किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

क) स  ख) सू  ग) सु  घ) स्व

iii. 'परिवर्तन' शब्द किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

क) प्र  ख) पर  ग) परि  घ) परी

iv.'अनुशासन' शब्द का उपसर्ग विच्छेद इस प्रकार है-

क) अनु + शासन  ख) अन + उशासन

ग) अनु + आशासन  घ) अनु + अशासन

v.'कमज़ोर' शब्द का उपसर्ग विच्छेद इस प्रकार है-

क) कम + जार  ख) कम + ज़ोर

ग) कमा + ज़ोर  घ) कमो + जर

**प्रश्न 5) नीचे दिए गए प्रत्यय शब्दों का सही विकल्प लिखिए।1X5=5**

i.'ओढ़नी' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

क) ओढ़  ख) ढ़नी  ग) नी  घ) ओ

ii. 'पढ़ाई' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

क) आई  ख) ई  ग) नाई  घ) कठ

iii. 'वास्तविक' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

क) विक  ख) इक  ग) वा  घ) वास

iv. 'ऐतिहासिक' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

क) विक  ख) इक  ग) वा  घ) वास

v. 'भारतीय' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

क) ईय  ख) तीय  ग) भार  घ) भारत

**प्रश्न 6) नीचे दिए गए विलोम शब्दों का सही विकल्प लिखिए। 1X5=5**

i. उपकार शब्द का विलोम है –

क) अपकार  ख) आहार  ग) साकार  घ) आगम

ii. हँसना शब्द का विलोम है –

क) चुप रहना  ख) रोना  ग) मुस्कराना  घ) चिल्लाना

iii. अति का विलोम शब्द है

क) न्यून  ख) कम  ग) अल्प  घ) नगण्य

iv.आशा का विलोम शब्द है

क) दुराशा ख) निराशा ग) हताशा घ) नाउम्मीद

v. पक्ष शब्द का विलोम है –

क) विपक्ष ख) प्रतिपक्ष ग) निष्पक्ष घ) तटस्थ

**प्रश्न 7) नीचे दिए गए लिंग संबंधि प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए| 1X5=5**

i.'अभिनेता' शब्द का स्त्रीलिंग होता है

क) नेती ख) अभिनेत्री ग) नेताजी घ) मादा नेताजी

ii. 'घोडा' शब्द का स्त्रीलिंग होता है

क) घोड़े ख) घोड़ा ग) घोड़ी घ) गदा

iii.'देव' शब्द का स्त्रीलिंग होता है

क) देवे ख) देवा ग) देवी घ) देवै

iv. कवि शब्द का स्त्रीलिंग है

क) कविता ख) कवयित्री ग) कवयीत्री घ) कवयत्री

v. स्त्री जाति का बोध करवाने वाले शब्द कहलाते हैं?

क) पुल्लिंग ख) स्त्रीलिंग ग) नपुंसकलिंग घ) इनमें कोई नहीं

**प्रश्न 8) नीचे दिए गए वचन संबंधि प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए। 1X5=5**

i. बच्चा का बहुवचन है-

क) बच्चे ख) बच्ची ग) बचा घ) इनमें से कोई नहीं

ii. 'कपड़ा ' का वचन परिवर्तन कीजिए

क) कपड़ा ख) कापड़ी ग) कपड़े घ) इनमें से कोई नहीं

iii. किताब का वचन परिवर्तन कीजिए

क) किताबे ख) किताबी ग) किताबा घ) इनमें से कोई नहीं

iv. नदी का बहुवचन है-

क) नदिया ख) नदियाँ ग) नादिये घ) इनमें से कोई नहीं

v. एक या अनेक का बोध कराने वाले शब्दों का रूप कहलाता है-

क) शब्द ख) वर्ण ग) संज्ञा घ) वचन